संख्या-18/2018/1524/71-4-2018-12/2017टी0सी0-1

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
ग्रेटर नोएडा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक 27 नवम्बर, 2018

विषयः- राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में शैक्षणिक पदों पर कार्यरत फैकल्टी सदस्यों का वेतन राजकीय मेडिकल कालेजों की भांति यू0जी0सी0 वेतनमान तथा यू0जी0सी0 की दर पर सातवां वेतनमान अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-रा.अ.सं./2018/1022 दिनांक 25.08.2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के चिकित्सा शिक्षकों यथा-आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य को शासनादेश संख्या-703/71-1-2015-जी-71/2011 दिनांक 31.03.2015 के अनुसार यू0जी0सी0 दरों पर 7वें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में तालिका के स्तम्भ-4 में अंकित उच्चीकृत/संशोधित वेतनमान अनुमन्य किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

क्र.सं.	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य वेतनमान व ए0जी0पी0	7वें वेतन आयोग के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा संस्तुत वेतनमान के आधार पर प्रस्तावित वेतनमान (मैट्रिक्स में)
1.	आचार्य	रू0 37400-67000 ए0जी0पी0-10000	रू0 1,44,200/-
2.	सह-आचार्य	रू0 37400-67000 ए0जी0पी0-9000	रू0 1,31,400/-
3.	सहायक आचार्य	रू0 15600-39100 ए0जी0पी0-7000	रू0 68,900/-

3- उक्त तालिका में जिन पदों के वेतनमान उच्चीकृत किये गये हैं उन पदों पर कार्यरत पदधारकों का वेतन निर्धारण मूल नियम-22 के उपनियम (क) के खण्ड-(2)(ग) के अन्तर्गत किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या-ई-3-2350/दस/2018 दिनांक 27 नवम्बर, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नकः-यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-18/2018/1524(1)/71-4-2018-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. वित्त नियंत्रक, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा।
7. मुख्य/वरिष्ठ, कोषाधिकारी, गौतमबुद्व नगर।
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1
9. गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।